भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग, रैली निकाली

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतरे सफाई कर्मचारी

अजमेर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में की जा रही सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने रैली निकाल कर नगर निगम परिसर में शक्ति प्रदर्शन करते हुए अनिश्चित कालीन ड़ताल पर उतर गए। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि निगम प्रशासन व राज्य सरकार द्वारा उनकी मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। हड़ताल के दौरान कोई भी सफाई कर्मचारी काम नहीं करेगा। डोर टू डोर कचरा उठाने वाले ऑटो ट्रीपर का भी चक्का जाम रहेगा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले सोमवार को निगम के स्थाई और अस्थाई सफाई कर्मचारी एकत्रित होकर रैली के रूप में नगर निगम कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने राज्य सरकार और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी अपनी एकता का शक्ति प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेताओं ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज को 100 प्रतिशत प्राथमिकता देने और पूर्व में कार्यरत अस्थाई सफाई कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की मांग की गई है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि वर्ष 2012 व 2018 में भी सफाई कर्मचारियों की भर्ती हुई थी। तक भी उन्होंने हड़ताल की थी। उन्हें आश्वासन दिया गया था कि 60 प्रतिशत का लाभ उन्हें दिया जाएगा।

रैली निकालते सफाई कर्मचारी।

चरमरा सकती है शहर की सफाई व्यवस्था:- अजमेर नगर निगम में 15 सौ स्थाई सफाई और 22 अस्थाई सफाई कर्मचारी हैं। निगम अपने स्तर पर सभी सर्किलों में सफाई व्यवस्था इन्हीं कर्मचारियों से करवाता है, लेकिन सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा जाएगी। शहर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सफाई कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हड़ताल में डोर-टू-डोर कचरा परिवहन करने वाले ऑटो ट्रीपर कर्मचारी भी शामिल हैं। वार्डों से कचरा उठाने वाले ऑटो ट्रीपर चालक हड़ताल पर जाने से कोई भी घरों से कचरा नहीं उठ पाएगा।

- **निगम प्रशासन व राज्य सरकार द्वारा उनकी मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है**

अजमेर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी दिलीप भंभानी ने कहा कि कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से नगर निगम प्रशासन शहर की सफाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था में जुट गया है। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर ऑटो ट्रीपर हड़ताल में शामिल नहीं हो सकते हैं, इसके लिए सफाई ठेकेदार को पाबंद किया जाएगा।

प्रशिक्षण का शुभारंभ

भीलवाड़ा, (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से महिलाओं को एशियन पेंट्स कलर एकेडमी के सौजन्य से आयोजित बेसिक पेंट्स कोर्स का 6 दिवसीय प्रशिक्षण धन लक्ष्मी महिला समृद्धि केंद्र, बाल विकास परियोजना कार्यालय माण्डल में शुभारम्भ किया गया। इन्दिरा महिला शक्ति केन्द्र की प्रबंधक गंगा दाधीच ने बताया कि महिलाओं के भविष्य को देखते हुए उनमें प्रत्येक क्षेत्र में कौशल को बढावा देना व उनका मार्ग दर्शन करना ही विभाग का उद्देश्य है। कार्यक्रम में शेलेन्द्र सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तथा महिलाओं व बालिकाओं को स्वावलंबी बनने का महत्व समझाया। प्रशिक्षण में 30 किशोरी बालिकाएं व महिलायें उपस्थित रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाये जा रहे संकल्प: 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत् जेण्डर स्पेशलिस्ट विजेता कंवर ने बालिकाओं व महिलाओं को जानकारी दी।

रोडवेजकर्मियों ने धरना दिया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान परिवहन निगम केन्द्रीय कार्यशाला माखुपुरा में कार्यरत रोडवेज कर्मचारियों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। पिछले कई माह से रोडवेज कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशन नहीं मिलने नाराज कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर धरने प्रदर्शन किया और मुख्य उत्पादन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर वेतन व पेंशन का भुगतान शीध्र दिलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी की यदि उनकी मांगों का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो कर्मचारी टूल डाउन हड़ताल चले जाएंगे, जिसकी जिम्मेदार शासन व प्रशासन की होगी। राजस्थान परिवहन निगम केन्द्रीय कार्यशाला माखुपुरा के कर्मचारियों ने मुख्य उत्पादन प्रबंधन को दिए ज्ञापन में अपनी मांगे रखी।

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन/2024-25/256 दिनांक 29/07/2024

लोक सूचना

निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1	गीता देवी पत्नि शौकीन सिंह हिस्सा पूर्ण जाति रावत सा. देह खातेदार।	गढीथोरियान	1177	0.3359 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्वनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधितन आज दिनांक 29-7-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

NAME CHANGE

I APARNA SACHIN MORE Spouse of,No.15573766F HAV, MORE SACHIN KASHIRAM.119 ASLT ENGR REGT C/O 56 APO.have changed my name from APARNA to APARNA SACHIN MORE and DOB 14 Apr 1988 in my Husband army service and all times hereafter in all records,AFF-BW 255731 date -23 July 2024 Notary Nasirabad

NAME CHANGE

I, No.15573766F HAV, MORE SACHIN KASHIRAM.119 ASLT ENGR REGT C/O 56 APO. have changed my Son's name from SHUBHAM MORE to SHUBHAM SACHIN MORE and DOB 11 SEP 2011 in my army service and all records,AFF-BW 255732 date -23 July 2024 Notary Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25 / 94620 DATE:- 29-07-2024

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर / 2024-25 / 4801 दिनांक: 29-07-24

सार्वजनिक सूचना

श्री दयालदास पुत्र श्री देव जी मल व श्री नवीन कुमार पुत्र श्री प्रभूदास ने क्षेत्र नं. 4, तंबाकू गली मकान नं. 4 पुराना मकान नं. 2/35 क्षेत्रफल 408.66, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री चांदमल पुत्र श्री चतरभूज लोहिया के नाम दर्ज है। रजि. वसीयत-नामा दिनांक 25.05.2019 मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 03.11.2022, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/984261 DATE:- 26-07-2024

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर / 2024-25/4803 दिनांक: 29-07-24

सार्वजनिक सूचना

श्री गौरव माहेश्वरी पत्नी श्री जगदीशचन्द्र माहेश्वरी ने क्षेत्र नं. 5, कॉलेज मार्ग म्यु.नं. 8 /536 नया नं. 5 मकान श्री 34 क्षेत्रफल 50.66, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती बीना माहेश्वरी पत्नी श्री चन्द्र माहेश्वरी के नाम दर्ज है। रजि.हक-परित्याग दिनांक 20.07.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

सफाई कर्मी झाड़ू डाउन हड़ताल पर

पुष्कर, (निसं.)। सफाईकर्मी भर्ती में वाल्मीकी समाज को प्राथमिकता देने,पूर्व में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को जल्द से जल्द स्थायी करने सहित अन्य मांगों को लेकर आज वाल्मीकि संघर्ष समिति के बैनर तले पुष्कर नगर पालिका के सफाई कमिर्यों ने झाड़ू डाउन हड़ताल रखकर अम्बेडकर भवन के बाहर धरना देकर अपना विरोध जाहिर किया और विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौपा। वाल्मीकि संघर्ष समिति के अध्यक्ष अमरचंद ने बताया कि दूसरे समाज के लोगो से सफाई का काम होता ही नही है सफाई का सारा भार वाल्मीकि समाज पर ही आता है इसलिये सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिये।

सफाई कर्मचारियों की झाड़ू डाऊन हड़ताल शुरू, रैली निकाली

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। वाल्मीकि समाज पंच कमेटी व सफाई श्रमिक कांग्रेस के आव्हान पर सफाई कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालिन झाड़ू डाउन हड़ताल शुरू कर रैली निकाली गई। सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने, सफाई भर्ती में आरक्षण को समाप्त करने के साथ अन्य मांगो को लेकर रैली निकालकर उपखंड अधिकारी अर्चना चौधरी को ज्ञापन सौपा। हड़ताल में स्थाई, अस्थाई सफाई कर्मचारी, ट्रेक्टर, टेम्पू कर्मचारी शामिल है। रैली में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप लखन, महामंत्री ब्रजेश चुटेला, संरक्षक रोशन चुटेला, वाल्मीकि समाज पंच कमेटी अध्यक्ष किशनलाल लखन, महामंत्री राजगबर धौल, मुख्य संरक्षक प्रधान बिरदीचंद लखन, नवल मट्टू, राजू चुटेला, आलमचंद लखन, अर्जुन पंवार, गोपाल धरी, पप्पू धौल, दिनेश टाक, बिमल चावरिया, सीताराम तंबोली, चांद लौठ, दिनेश लखन, राजेश लखन, विरेन्द्र गोयर, राजेश धौल, राजेन्द्र चावरिया, अशोक गौयर, भारत धौल, दिलीप मट्टू, प्रहलाद लखन, सूरज गुजराती, करमचंद मट्टू, रितीक तेजी, राहुल लखन, रामजीलाल गौयर, राकेश लखन, राहुल चुटेला, कपिल गौयर, आकाश घारू सहित सैकडो समाज बधुं मौजूद रहे।

मांगो को लेकर रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा।

अज्ञात वाहन ने दंपति को टक्कर मारी, पति की मौत

मकराना, (निसं)। उपखंड के आसरवा गांव में रविवार रात नवविवाहित दंपति पैदल अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे पति गंभीर रूप से घायल हो गया और पत्नी भी चोटिल हो गई। लोगों की सहायता से घायल युवक को मकराना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक देवाराम को मृत घोषित कर दिया। दंपति बनबागरिया घुमक्कड़ जाति से है।

पुलिस ने बताया कि नगवाड़ा खुर्द निवासी देवाराम (21) पुत्र मोहनाराम बनबागरिया रविवार रात्रि को अपनी पत्नी के साथ बुडसु रोड से नागवाड़ा अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में आसरवा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर से देवाराम के सिर, पैर और पेट में चोटें आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं उसकी पत्नी के सिर, पैर और शरीर पर चोटें आईं। युवक को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। युवती को मामूली चोटें होने के कारण उसे घर ले जाया गया।

सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और शव को मॉच्यूरी में रखवाया। सोमवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि उनका बेटा और पुत्रवधु रात में घर जा रहे थे, जब रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनके पुत्र की मौत हो गई।

धर्मदास महाराज ने किया कथा वाचन

आसींद (निसं.)। आसींद में चल रही 9 दिवसीय भव्य राम कथा के चौथे दिन, प्रसिद्ध कथावाचक धर्मदास महाराज ने अपने मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को राम कथा के रस से सराबोर कर दिया। महाराज ने अपने व्याख्यान में भगवान राम के जीवन की विभिन्न घटनाओं को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ कथा सुनने के लिए उमड़ी। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन भी हुए जिससे वातावरण और भी आध्यात्मिक हो गया। वही कथा के दौरान व्यास पीठ की पूजा खूबी लाल सोनी के द्वारा की गई।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/ दिनांक :- 24/07/2024

ई-निविदा सूचना संख्या 06/2024-25

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 447.64 लाख की ई-निविदा दिनांक 05.08.2024 (क्र.सं. 01 से 08) सांय 06:00 बजे तक दिनांक 02.08.2024 (क्र.सं. 09 से 11) प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है। UBN No. :- AJD2425WSOB00059 - 69

अधिशाषी अभियन्ता अजमेर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/2934

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक - न.प. कि / कृ.भूमि / 2024/370 दिनांक : 29/07/2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदगनंज के खसरा संख्या 542/3 पर स्थित किर्तीनगर आवासीय भूखण्ड क्षेत्रफल 1178.625 वर्गगज एवं भूखण्ड क्षेत्रफल 1178.625 वर्गगज इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 2357.25 वर्गगज) पर श्री रामावतार शर्मा पुत्र स्व. श्री छीतर मल शर्मा 2. श्री हर्षित दाधीच पुत्र श्री वेद प्रकाश दाधीच ने आवेदन प्रस्तुत कर एकीकरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : खसरा संख्या 542/1 पश्चिम में : खसरा संख्या 542 /4

उत्तर में : 80 फीट चौडा रास्ता दक्षिण में : अन्य भूखण्ड

अतः उक्त नाम एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर पालिका गुलाबपुरा (भीलवाडा)

क्रमांक : 458 दिनांक : 8.7.24

उजरदारी नोटिस

घनश्याम सिंह राठौड़ पिता लाडू सिंह निवासी शिवचरण माथुर कॉलोनी - भू.सं. 5-B-10 बनाप (30X64) फीट पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भूखण्ड हस्तान्तरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुए एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। पत्रावली एवं दस्तावेजो का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पडौस विवरण:

पूर्व : भू.सं. 18-19 पश्चिम : आम रास्ता 80 फीट

उत्तर : भू.सं. 09 दक्षिण : भू.सं. 11

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, गुलाबपुरा

अजयमेरु प्रेस क्लब ने दी रफ़ी को गीतों भरी श्रद्धांजलि

अजमेर, (कासं)। अजयमेरु प्रेस क्लब ने भारतीय फिल्म जगत के महान गायक मोहम्मद रफ़ी उन्हीं के गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। बीस से ज्यादा गायक कलाकारों ने रफ़ी साहब के गीतों को अपनी आवाज़ देकर सुनने वालों के कानों में जहां मिश्री घोली। मौका था मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर अजयमेरु प्रेस क्लब के सालाना कार्यक्रम 'स्वरांजलि' का। हालांकि रफ़ी साहब की पुण्यतिथि 31 जुलाई को है। पर उस दिन वर्किंग डे होने की वजह से रविवार को ही कार्यक्रम का आयोजन कर लिया गया। ताकि श्रोता गीतों का आनंद ले सकें। क्लब से जुड़े अनेक पुराने गायकों ने तो गीतों की बारिश में सुरों की फुहारें छोड़ीं, मगर नवोदित कलाकर भी हौसलों के साथ मंच पर उतरे और समा बांध दिया।

शुरुआत हुई रामगोपाल सोनी द्वारा गाये गीत 'आजा तुझको पुकारे मेरा प्यार' गीत से। क्लब के महासचिव सत्यनारायण जाला ने 'ये रेश्मी जुल्फ़ें ये शरबती आँखें', अनिल गुप्ता ने 'नसीब में जिसके जो लिखा था', सैयद सलीम ने 'जनम जनम का साथ है निभाने को', अरविंद शुक्ला ने 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तो', शरद शर्मा ने 'तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं', कृष्णगोपाल पराशर ने 'जब भी ये दिल उदास होता है', और गणेश चौधरी ने 'ये जो चिलमन है' जैसे यादगार गीतों की प्रस्तुति से रफी साहब को पुष्पांजलि दी। वहीं राजेंद्र गुंजल व आभा शुक्ला ने एक युगल गीत 'रिमझिम के गीत सावन गाये, हाये' सुना कर कार्यक्रम का रुख बदला।

दूसरा दौर शुरू किया प्रदीप गुप्ता ने। उन्होंने रेशमी आवाज़ में 'आज मौसम बड़ा बेईमान है' सुनाकर सावन की घटाएं याद दिला दीं, और फिर यहां से कार्यक्रम का भी मौसम बदल गया। फरहाद सागर ने रफ़ी के कालजयी गीत 'सुहानी रात ढल चुकी' की प्रस्तुति दी, तो डॉ रमेश अग्रवाल ने 'हम तुमसे जुदा होके', तथा मुकेश परिहार ने 'रुख से ज़रा नकाब उठाओ मेरे हुज़ूर' गीत से मिठास भर दी। उसके बाद मस्ती भरे गीत 'जिया हो जिया हो जिया कुछ बोल दो' की प्रस्तुति देकर अमित टंडन ने सभागार का माहौल मस्तियों से भर दिया और श्रोता झूम उठे। वहीं प्रताप सिंह सनकत ने उतार-चढ़ावों से भरे गीत 'कल रात ज़िन्दगी से मुलाकात हो गई' गाकर सुरों की अपनी परख का परिचय दिया। हेमन्त कुमार शर्मा ने जहां मंझे हुए अंदाज़ में 'ये माना मेरी जाँ मोहब्बत सज़ा है' गाकर अपनी परिपक्वता दिखाई। वहीं रक्षा शर्मा ने 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' प्रस्तुत किया।

मोहम्मद रफ़ी को गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय मा. शि. अजमेर

क्रमांक :- प./2024/321 दिनांक:- 26/7/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा यह कि जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय मा. शि. अजमेर द्वारा निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की गई है। जिन्हे sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं डाउनलॉड किया जा सकता है।

क्र.सं.	निविदा सूचना संख्या	UBN No.	NIB Code
1	316/25.07.2024 (मा. शिक्षा)	EDU2425SSRC00030	EDU2425A0032
2	317/25.07.2024 (मा. शिक्षा)	EDU2425SSRC00029	EDU2425A0031
3	318/25.07.2024 (मा. शिक्षा)	EDU2425SSRC00031	EDU2425A0033
4	435/24.07.2024 (प्रा. शिक्षा)	EDU2425SSRC00032	EDU2425A0034

जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय मा. शि. अजमेर

पौधों का किया रोपण

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन अजमेर शाखा द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रामनगर कोटड़ा में हरित क्षेत्र गठन कर पौधारोपण किया।

कार्यक्रम की संयोजिका अम्बिका हेडा ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करवाया। कार्यक्रम पार्षद प्रतिभा पाराशर, पार्षद बनवारीलाल शर्मा, कोटड़ा स्कूल प्रिंसिपल उषा खाती, एसडीएमसी सदस्य राधेश्याम पंचोली के मुख्य आतिथ्य में परिसर में जामुन, नीम, सहजन , अमलतास, केली, कनेर की वेराइटी, गुलाब एलोवेरा, स्नेक प्लांट की कई वेराइटी, मनी प्लांट, केला, जेड प्लांट सहित 40 बड़े पेड़ और 61 से अधिक छोटे पौधे लगाए गए। पौधे प्रशिक्षित माली रुपेश व मुकेश की देख रेख में लगाए।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक/न.पा.वि./नामा/2024/1954 दिनांक-29.7,24

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	मूल आंवटी नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
125	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 03	123.83 SQ. Yards	आवासीय
126	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 04	122.44 SQ. Yards	आवासीय
127	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 11	111.56 SQ. Yards	आवासीय
128	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 12	110.18 SQ. Yards	आवासीय
129	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 17	105.90 SQ. Yards	आवासीय
130	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 18	104.16 SQ. Yards	आवासीय
131	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 25	88.65 SQ. Yards	आवासीय
132	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 26	87.26 SQ. Yards	आवासीय
133	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं. -2 प्रा. प्लाट न. 33	77.43 SQ. Yards	आवासीय
134	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 34	75.34 SQ. Yards	आवासीय
135	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 42	101.84 SQ. Yards	आवासीय
136	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 43	103.47 SQ. Yards	आवासीय
137	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 08	104.16 SQ. Yards	आवासीय
138	पंकज कुमार मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 09	104.16 SQ. Yards	आवासीय
139	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 01	124.30 SQ. Yards	आवासीय
140	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 02	124.65 SQ. Yards	आवासीय
141	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 09	111.93 SQ. Yards	आवासीय
142	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 10	113.19 SQ. Yards	आवासीय
143	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 15	109.02 SQ. Yards	आवासीय
144	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 16	107.63 SQ. Yards	आवासीय
145	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 21	95.01 SQ. Yards	आवासीय
146	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 22	99.62 SQ. Yards	आवासीय
147	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 29	83.09 SQ. Yards	आवासीय
148	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.सं.-2 प्रा. प्लाट न. 30	80.66 SQ. Yards	आवासीय
149	नीरज मानसिंहका पुत्र हरिकिशन मानसिंहका	हरिकिशन मानसिंहका पुत्र रघुनाथ सिंह मानसिंहका	रेल्वे लाईन के पास गोशाला रोड विजयनगर भू.स